आकाशवाणी-जयपुर लॉक डाउन के दौरान राजस्थानी भाषा में एक नये विशेष बुलेटिन का प्रसारण शुरू

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
SS-06-04-2020-05.docx (http://103.203.138.54/news/205726/document/SS-06-04-2020-05.docx)

DESCRIPTION

आकाशवाणी-जयपुर
लॉक डाउन के दौरान राजस्थानी भाषा में एक नये विशेष बुलेटिन का प्रसारण शुरू

जयपुर, 6 अप्रेल। कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव, रोकथाम में पूरा सरकारी तंत्र लगा हुआ है। आकाशवाणी समाचार, जयपुर भी लॉक डाउन के दौरान राज्य की जनता को इससे संबंधित केन्द्र और राज्य के सभी सरकारी निर्णयों, राज्य में लॉक डाउन के समय चल रही सभी गतिविधियों के बारे में जनता को जागरूक करने और जानकारी पहुंचाने का प्रयास समाचारों के माध्यम से कर रहा है।

इस क्रम में आकाशवाणी जयपुर के क्षेत्रीय समाचार एकांश ने समाचारों का प्रसारण समय बढ़ाकर लगभग दुगुना कर दिया है। लॉक डाउन के दौरान राजस्थानी भाषा में एक नये विशेष बुलेटिन का प्रसारण भी शुरू किया गया है। समाचारों के माध्यम से एकांश द्वारा देश-प्रदेश की विभिन्न हस्तियों, कलाकारों, खिलाड़ियों आदि की अपील का प्रयोग कर लोगों को घर में ही रहने का संदेश दिया जा रहा है । अनेक चिकित्सकों और मनोचिकित्सकों के संदेशों का भी प्रयोग कोविड-19 बीमारी के बारे में जागरूकता बढाने के लिए किया जा रहा है। श्रोताओं को प्रत्येक जिले से संवाददाताओं के माध्यम से वहां चल रही लॉक डाउन संबंधित गतिविधियों और कोरोना संक्रमित मरीजों के ईलाज के बारे में निरंतर ताजा जानकारी दी जा रही है। एकांश के सभी कार्मिक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के साथ-साथ लॉक डाउन के संबंध मंो दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का भी पालन कर रहे हैं। सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार एकांश में सीमित चयनित स्टाफ को ही ड्यूटी पर लगाया गया है, ताकि संक्रमण की आशंका नगण्य रहे।

समाचारों के संकलन में भी लॉक डाउन और सोशल डिस्टेसिंग का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है। इस कार्य में सोशल मीडिया का बखूबी उपयोग किया जा रहा है। एकांश की ओर से सभी बुलेटिन्स और ताजा समाचारों को फोटो के साथ ट्विटर हैंडल @airnews_jaipur और फेसबुक पेज All India Radio News Jaipur पर तत्परता से अपलोड किया जा रहा है। आकाशवाणी जयपुर से हिन्दी में प्रसारित समाचार बुलेटिन सुबह 9 बजे (10 मिनिट) दोपहर साढे 12 बजे (5 मिनिट) और शाम साढे 6 बजे (15 मिनिट) एवं राजस्थानी बुलेटिन अपरान्ह 3 बजे (10 मिनिट) तथा शाम पौने सात बजे (15 मिनिट) मीडियम वेव 497.51 मीटर, शॉर्ट वेव 41 मीटर और एफएम 101.2 तथा एफएम 100.3 पर सुने जा सकते है। ये सभी बुलेटिन आकाशवाणी जयपुर के यू-ट्यूब चैनल Rajasthan Air News के अलावा न्यूज ऑन एआईआर एप और दूरदर्शन के डीटीएच चैनल पर भी उपलब्ध हैं।